दिन– सोमवार दिनांक– 31 / 08 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के कारण कोसी, गंडक और अन्य नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के बाद सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रशासन सतर्क, निगरानी बढ़ाई गयी।

02. मौसम विभाग ने आज औरंगाबाद, भभुआ, रोहतास और बक्सर जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

03. केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने अनुसूचित जाति–जनजाति आरक्षण में उपवर्गीयकरण का समर्थन किया।

04. और, प्रदेश के नवगठित दो सौ ग्यारह डिग्री कॉलेजों में पहले से प्रतिनियुक्त शिक्षकों को उनके मूल महाविद्यालयों में वापस भेजा जाएगा।

**अब समाचार विस्तार से.........**

————————————————————————————

नेपाल के विभिन्न भागों के साथ ही प्रदेश में अलग–अलग स्थानों पर बारिश के कारण बागमती और कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर में बढ़ा है। साथ ही पटना जिले के गांधीघाट और हाथीदह में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में और कोसी नदी खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला मे लाल निशान को पार कर गयी है। इधर, वाल्मीकिनगर गंडक बराज से अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण पश्चिम चंपारण और गोपालगंज समेत विभिन्न जिलों में गंडक नदी के तटीय इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। प्रशासन तटबंधों की निगरानी में लगा हुआ है। पश्चिम चंपारण से हमारे संवाददाता ने बताया है कि गंडक नदी के जलस्तर में गिरावट आ रही है।

––साउंड बाइट––

गंडक नदी के जलस्तर में हुई वृद्धि के बाद एक बार फिर से कमी देखी जा रही है। देर रात जहां गंडक नदी का जलस्तर 1लाख 80 हजार क्यूसेक पर पहुंच गया था, वहीं आज सुबह से गंडक नदी का जलस्तर घटते क्रम में रिकॉर्ड किया जा रहा है। गंडक कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार सुबह 7 बजे वाल्मीकिनगर गंडक बराज से 1 लाख 11 हजार क्यूसेक पानी घटते क्रम में छोड़ा

गया है। जिला प्रशासन द्वारा अभी भी सभी अभियंताओ को अलर्ट रहने को कहा गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

———————————————————————————

सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि पानी के दबाव को देखते हुए कोसी बराज के छप्पन में से पच्चीस फाटक खोल दिये गये हैं।

——साउंड बाइट——

कोसी नदी के जलस्तर में हुई वृद्धि के बाद एक बार फिर से कमी देखी जा रही है। देर रात जहां कोसी नदी का जलस्तर दो लाख 19 हजार 505 क्यूसेक पर पहुंच गया था, वहीं आज सुबह से कोसी नदी का जलस्तर घटते क्रम में रिकॉर्ड किया जा रहा है। कोसी कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार सुबह 7 बजे भीमनगर कोसी बराज से दो लाख तीन हजार 240 क्यूसेक पानी घटते क्रम में छोड़ा गया है। जबकि नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र बराह से एक लाख 28 हजार क्यूसेक पानी घटते क्रम में छोड़ा गया। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

इधर, सोशल मीडिया पर चल रही भ्रामक खबरों के बीच सुपौल जिला प्रशासन ने कहा है कि कोसी नदी के जलस्तर में सामान्य गति से वृद्धि हो रही है और कोसी बराज पूरी तरह सुरक्षित है। स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। वहीं, जलस्तर बढ़ने की आशंका को देखते हुए पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सारण और गोपालगंज जिलों में प्रशासन को अलर्ट कर दिया गया है। जल संसाधन विभाग ने इंजीनियरों को लगातार तटबंधों की निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

इधर, आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सदा ने सीतामढ़ी में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने नेपाल में त्रासदी के मद्देनजर अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। वहीं, आपदा प्रबंधन विभाग ने नदियों और बाढ़ग्रस्त इलाकों में नावों पर ओवर लोडिंग रोकने की जिम्मेवारी सीओ और थानेदार को सौंपी है। विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने सभी जिलाधिकारियों को भेजे निर्देश में कहा है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और दियारा में आवाजाही के लिए नावों की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। नाव परिचालन घाट पर थाना स्तर से अधिकारी प्रतिनियुक्त करने के निर्देश दिये गएं। श्री मल्ल ने कहा कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में एसडीआरएफ की सत्ताईस और एनडीआरएफ की नौ टीमें तैनात की गयी हैं।

———————————————————————————

दक्षिण—पश्चिम मानसून की सक्रियता के कारण प्रदेश के विभिन्न भागों में मध्यम से भारी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज राज्य के उत्तर—पश्चिम और दक्षिण—पश्चिम भागों के अनेक स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———साउंड बाइट———

इधर, सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के मिरजवा में वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई।

————————————————————————

नेपाल में आई भीषण बाढ़ के बाद नेपाल के त्रिशुली– 3 ए समेत कई पन–विद्युत परियोजनाओं की सुरंगों में फंसे सैकड़ों लोगों को निकालने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। भारत और चीन के विशेषज्ञों समेत बचाव दल सुरंग के अंदर फंसे लोगों से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उनसे संपर्क नहीं हो पाया है। लापता बताए जा रहे दो हजार पांच सौ लोगों में से सैकड़ों नेपाल की पन–विद्युत परियोजनाओं के कर्मचारी बताए जा रहे हैं। आधिकारिक तौर पर नेपाल में सात सौ चौरानवे लोगों की मौत हो गई है। तिब्बत में मरने वालों की संख्या सोलह है, जबकि पांच सौ छियालीस लोग लापता बताए जा रहे हैं। बचाव दल जीवित बचे लोगों की तलाश में जुटे हैं। नेपाल के सभी आठ प्रभावित जिलों से शव बरामद किए जा चुके हैं और बचाव दल लापता लोगों की खोज और फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं।

————————————————————————

नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने भारतीय विशेषज्ञ टीम के सदस्यों से मुलाकात की। यह टीम विनाशकारी बाढ़ पीड़ितों के शवों की पहचान करने में मदद करने के लिए नेपाल पहुँची है। श्री नवीन ने बताया कि भारत नेपाल में चल रहे बचाव और राहत कार्यों में मजबूती से सहयोग जारी रखेगा। विशेषज्ञ टीम चौथी भारतीय राहत उड़ान से काठमांडू पहुंची। इस उड़ान में जरूरी राहत सामग्री के साथ–साथ आपदा राहत कार्यों में मदद के लिए खास तकनीकी कर्मचारी और उपकरण भी ले जाए गए है। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर कहा कि टीम शवों की पहचान में मदद के लिए डी.एन.ए. सैंपल के विश्लेषण में नेपाली विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम करेगी।

————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ फैशन टेक्नोलॉजी – एनआईएफटी के संयुक्त दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगी। इस अवसर पर देश भर के अठारह एनआईएफटी परिसरों से पास होने वाले छात्रों को डिग्रियां दी जाएंगी। इस कार्यक्रम में वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह और वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम

शमी राव के साथ–साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति, बोर्ड ऑफ़ गवर्नर्स के सदस्य, वरिष्ठ अधिकारी, फैकल्टी सदस्य, स्कॉलर और पास होने वाले छात्र भी शामिल होंगे।

———————————————————————

केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने अनुसूचित जाति–जनजाति आरक्षण में उपवर्गीकरण का समर्थन किया। मोतिहारी में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को आयोग बनाकर आरक्षण का लाभ लेने वाले जातियों की पहचान करनी चाहिए और नये सिरे से आरक्षण का पुनर्निर्धारण किया जाना चाहिए।

——साउंड बाइट——

———————————————————————

पटना नगर निगम क्षेत्र में अब सोलर आधारित स्ट्रीट लाइटें लगाई जायेंगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नगर निगम स्ट्रीट लाइट कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्ट्रीट लाइटों को सोलर आधारित करने से बिजली तथा अन्य खर्च में संभावित बचत का अध्ययन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निगम क्षेत्र में वर्तमान में लगाई गयी सभी स्ट्रीट लाइटों का मेंटनेंस नियमित रूप से करने का निर्देश दिया। उन्होंने गांधी मैदान के आस–पास बिजली और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने का भी निर्देश दिया, ताकि गांधी मैदान का प्राकृतिक स्वरूप बेहतर बन सके। श्री चौधरी ने राजधानी पटना के व्यवस्थित विकास पर बल देते हुए कहा कि साफ–सफाई के साथ–साथ सड़कों का भी रख–रखाव बेहतर बनाकर रखा जाए।

———————————————————————

प्रदेश के नवगठित दो सौ ग्यारह डिग्री कॉलेजों में पहले से प्रतिनियुक्त शिक्षकों को उनके मूल महाविद्यालयों में वापस भेजा जाएगा। इस संबंध में राज्य सरकार ने निर्देश जारी कर दिया है। हालांकि निर्देश में कहा गया है कि इन कॉलेजों में प्राचार्यों की प्रतिनियुक्ति समाप्त नहीं होगी और वे अपने वर्तमान कॉलेज में ही बने रहेंगे। सरकार ने डिग्री कॉलेजों में संविदा के आधार पर शिक्षकों के पदस्थापन के बाद प्रतिनियुक्त शिक्षकों को मूल कॉलेज में वापस भेजने का निर्णय लिया है। इधर, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ने नोटिस जारी करते हुए डिग्री कॉलेज में प्रतिनियुक्त शिक्षकों को कल तक अपने मूल महाविद्यालय में योगदान करने का निर्देश दिया है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा अभियान पूरे देश में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि बडी संख्या में युवा इस अभियान शामिल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से नशा मुक्त भारत के लिए प्रभावशाली नारा, गीत और संदेश तैयार करने की अपील की।

——साउंड बाइट——

नशा मुक्त भारत के लिए क्या आप कोई पावरफुल स्लोगन बना सकते हैं? क्या हमारे यंग म्यूजीशियन, ऐसे शांग्स बना सकते हैं, जिनमें ड्रग फ्री लाइफ का मैसेज हो? क्या स्टूडेंट्स और थीऐटर ग्रुप दिल को छू लेने वाले सार्ट प्लेज लिख सकते हैं जिनमें ड्रग्स के खतरों के साथ–साथ उनसे बाहर निकलने का रास्ता भी हो। हमारे देश में बेहतरीन कंटेंट क्रिएटर्स की कमी नहीं हैं। मेरा आग्रह है कि वे अलग–अलग भाषाओं में ऐसा कंटेंट बनाएं जिससे इस दिशा में समाज को मदद मिले।

———————————————————————

मधेपुरा जिले के भर्राही थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुबन ओवरब्रिज चौक के पास एक ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। जबकि, तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र के कॉलेज चौक के पास पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे दो अपराधियों को एक पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

————————————————————————अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बाढ़ से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है – नेपाल में भारी बारिश से गंडक और कोसी उफनाई। भोटेकोशी में जलस्तर बढ़ने से बाढ़ की नई चेतावनी।

दैनिक जागरण ने इसी खबर पर लिखा है – नेपाल का सबसे भरोसेमंद मददगार बना भारत। चार विमानों से साढ़े अड़सठ टन राहत सामाग्री पहुंची।

दैनिक भास्कर ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान के हवाले से लिखा है – विविधता में एकता भारत के डीएनए में है।

प्रभात खबर ने मौसम से जुड़ी खबर पर लिखा है – बिहार में मॉनसून की बेरूखी जारी। भादो में कम बरसेंगे बदरा।

आज अखबार की सुर्खी है – सूबे में सात नए विश्वविद्यालयों की होगी स्थापना।

राष्ट्रीय सागर का शीर्षक है – पटना के ज्ञान भवन में ज्वेलरी महोत्सव का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के कारण कोसी, गंडक और अन्य नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के बाद सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रशासन सतर्क, निगरानी बढ़ाई गयी।

02. मौसम विभाग ने आज औरंगाबाद, भभुआ, रोहतास और बक्सर जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

03. केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने अनुसूचित जाति–जनजाति आरक्षण में उपवर्गीयकरण का समर्थन किया।

04. और, प्रदेश के नवगठित दो सौ ग्यारह डिग्री कॉलेजों में पहले से प्रतिनियुक्त शिक्षकों को उनके मूल महाविद्यालयों में वापस भेजा जाएगा।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।